सामुदायिक नेतृत्व विकास अध्ययन केन्द्र

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.)

समाजकार्य स्नातक पाठ्यक्रम (सामुदायिक नेतृत्त्व)

समय–सारिणी : अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2017–18, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वष

(महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित 51 जिला मुख्यालयों, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित 89 आदिम जाति विकासखण्डों एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के 224 गैर–आदिवासी विकासखण्डों में संचालित पाठ्यक्रम हेतु)

दिनांक	समय	परीक्षा का नाम	विषय
04.02.2018	10:30 से 11:30	समाज कार्य स्नातक प्रथम वर्ष/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम	समाज कार्य का परिचय
	11:30 से 12:30		विकास की समस्याएँ एवं मुद्दे
	12:30 से 01:30		नेतृत्त्व विकास
	01:30 से 02:30	समाज कार्य स्नातक द्वितीय वर्ष/डिप्लोमा पाठ्यक्रम	समाज कार्य का इतिहास एवं पद्धतियाँ
	02:30 से 03:30		सामुदायिक संगठन एवं गतिशीलता
	03:30 से 04:30		पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास
	10:30 से 11:30	समाज कार्य स्नातक तृतीय वर्ष/डिग्री पाठ्यक्रम	समाजकार्य की सहायक पद्धतियॉ एवं मनोवैज्ञानिक अवधारणाएँ
	11:30 से 12:30		स्वंयसेवी संगठनों का गठन और प्रबधंन
	12:30 से 01:30		सूक्ष्म वित्त एवं उद्यमिता विकास
11.02.2018	10:30 से 11:30	समाज कार्य स्नातक प्रथम वर्ष/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम	विकास के लिए संचार और जीवन कौशल शिक्षा
	11:30 से 12:30		पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल
	12:30 से 01:30		बाल विकास, सुरक्षा एवं शिक्षा
	01:30 से 02:30	समाज कार्य स्नातक द्वितीय वर्ष/डिप्लोमा पाठ्यक्रम	महिला सशक्तीकरण
	02:30 से 03:30		विधिक साक्षरता
	03:30 से 04:30		कम्प्यूटर कौशल
	10:30 से 11:30	समाज कार्य स्नातक तृतीय वर्ष/डिग्री पाठ्यक्रम	ग्रामीण प्रौद्योगिकी
	11:30 से 12:30		लेखांकन के मूलतत्व
	12:30 से 01:30		पर्यावरण शिक्षा

आवश्यक निर्देश

- **सत्र 2015–16 एवं 2016–17 में जो छात्र अर्द्धवार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित थे वे** इस सत्र के छात्रों के लिये आयोजित प्रथम वर्ष की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ निर्धारित शुल्क प्रति प्रश्न पत्र 250 रुपये एवं आवेदन शुल्क 100 रुपये जमा कर शामिल हो सकते हैं। **सत्र 2016–17 में जो छात्र वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित थे वे** इस सत्र के छात्रों के लिये आयोजित प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा के साथ निर्धारित शुल्क प्रति प्रश्न पत्र 250 रुपये एवं आवेदन शुल्क 100 रुपये जमा कर शामिल हो सकते हैं।
- अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के आयोजन का उद्देश्य अभ्यर्थी की सतत् अकादमिक उन्नति की निगरानी एवं मापन करना है। इसके प्राप्तांकों को आंतरिक मूल्यांकन के रूप में मूल परीक्षाफल में शामिल किया जायेगा। इसमें पाठ्यक्रम के विषय/प्रश्नपत्र की प्रथम तीन इकाईयों में से प्रश्न पूछे जायेंगे।
- प्रत्येक विषय के लिए एक प्रश्नपत्र होगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र 20 अंक का होगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र में 20 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा तथा प्रत्येक प्रश्न हल करना अनिवार्य होगा। प्रश्नों की प्रकृति वस्तुनिष्ठ एवं लघुत्तरीय के रूप में होगी। प्रश्नपत्र का निर्माण एवं प्रेषण विश्वविद्यालय द्वारा नोडल परामर्शदाताओं के ई–मेल पर किया जायेगा।
- प्रत्येक प्रश्नपत्र की परीक्षा अवधि एक घण्टे की होगी। परीक्षा में बैठने के लिए 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।
- अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दौरान परामर्शदाता (मेंटर्स) ही कक्ष निरीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।
- परीक्षा के पश्चात का अगला रविवार प्रगति की समीक्षा से संबंधित होगा। परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिकायें दिखाई जायेंगी तथा उनकी त्रुटियों पर समीक्षात्मक चर्चा होगी। रचनात्मक सुझावों द्वारा अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को बेहतर करने के उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे।
- प्रश्नपत्रवार छात्रों के अंक निर्धारित प्रारूप में सम्बन्धित मेण्टर द्वारा तैयार किये जायेंगे एवं इन्हें अग्रसारित कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का दायित्व अध्ययन केन्द्र प्रभारी का होगा।
- अर्द्धवार्षिक एवं प्रायोगिक अकों को वेबसाइट www.cmcldp.org पर अपलोड करने का तरीका इस पत्र के साथ प्रेषित किया जा रहा है।

(डॉ. अमरजीत सिंह)
निदेशक, एवं लिंक अधिकारी सी.
सी.एल.डी.एस.